हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

12 देशभक्ति की प्रेरणा लिए बिरकोनी की महिलाओं...

12 तामेश्वर महादेव मंदिर में हुआ प्राण-प्रतिष्ठा







**प्रदर्शन :** भाजपा के इशारे पर ईडी की कार्रवाई का आरोप, अडानी के विरोध में कांग्रेसजनों ने किया चक्काजाम

# प्रदेश के जल, जंगल, जमीन को बेचकर छत्तीसगढ़ियों को गुलाम बनाने की साजिश रच रही भाजपा सरकार : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र

- पूर्व सीएम के बेटे की गिरफ्तारी के विरोध में चक्काजाम

चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर ईडी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर तुमगांव ज्ञानी ढाबा के पास एनएच 53 में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कांग्रेस जनों ने ईडी व अडानी भगाओ छत्तीसगढ़ बचाओ जैसे नारे लगाए। 12 से 2 बजे तक चले दो घंटे के इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान नेशनल हाईवे में छोटे बड़े वाहन तथा मालवाहकों की लंबी कतार लग गई। चक्काजाम को संबोधित करती हुई डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि यह सरकार जनता के अधिकार व हक की बात करने वाले विपक्षी नेताओं को दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों ईडी, आईटी आदि का राजनैतिक रूप से गलत उपयोग कर रही है। प्रदेश के जल, जंगल, जमीन को अडानी जैसे उद्योगपतियों को बेचा जा रहा है। आदिवासियों से उनकी जमीनें छीनी जा रही है, जंगलों की अवैध कटाई कर रही है। और इसका विरोध करने वाले विपक्षी नेताओं को ईडी, आईटी का डर दिखाकर दबाने का प्रयास कर रही है। भूपेश बघेल जैसे सशक्त नेता को डराने में कामयाब नहीं हुए तो उनके निर्दोष बेटे को झूठे आरोप में फसाया जा रहा है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र चंद्राकर ने कहा कि देश में जहां जहां भाजपा की सरकार है, वहां के जल जंगल जमीन को अडानी का अंबानी के हाथों सौंप दिया गया है। आदिवासियों की भूमि को छीनकर यह सरकार उन्हें भूमिहीन बनाने की योजना पर काम कर रही है। भाजपा एक कॉरपोरेट सरकार है, जो कभी नहीं चाहती कि किसान, आदिवासी अपने जमीनों पर खेती करे। भाजपा हर वर्ग को केवल मजदूर व नौकर बनाना चाहती है, इसलिए प्रदेश के बांधों, जलाशयों की पानी किसानों को न देकर उद्योगों को दिया जा रहा, जंगलों पर प्रदेश के असली मालिक छत्तीसगढ़ियों आदिवासियों का हक है उसे अडानी को तथा जमीनों को भू माफियों के हवाले कर दिया गया है। ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद ने कहा कि सरकार का तानाशाही पूर्ण रवैया चरम पर है, किसानों, मजदूरों, छत्तीसगढ़ियों के अधिकार की बात करने पर झूठे आरोप मढ़कर लोकतंत्र की आवाज को दबा रही है, आने वाले समय में प्रदेश की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी।



### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष मोहित ध्रुव, नगर पालिका महासमुंद अध्यक्ष निखिलकांत साहू, वरिष्ठ नेता अरुण चंद्राकर, मनोज कांत साहू, सचिन गायकवाड, हेमंत डडसेना, खोम सिंह, द्रोण चंद्राकर, रमन सिंग ठाकुर, संतोष कुमार धीवर, चेतन लाल साहू, पुनाराम धृतलहर, गिरधर आवड़े, शिव यादव, जितेंद्र यादव, धर्मेंद्र धीवर, पार्षद लता यादव, राहुल यादव, सुनील शर्मा, सिद्धांत साहू, खिलावन बघेल, सोमेश दवे, प्रदीप चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, मिंदर चावला, शाहबाज रजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, पार्षद मुस्ताक खान, जय देवांगन, गुलशन साहू, राजेंद्र साहू, जावेद चौहान, सागर डोंगरे, राजेश जैन, शिव बघेल, शनि महानंद, गुरमीत चावला, सतीश कनोजे, निर्मल जैन, तुलसी साहू, हुलास गिरी, हर्षित चंद्राकर, नितेंद्र बनर्जी, लहरी सिंह ठाकुर, सेवाराम कुर्रे, वीरेंद्र चंद्राकर, रेखराज पटेल, वेद प्रकाश साहू, राहुल आवड़े, मुकेश सिंह ठाकुर, पूनाराम घृतलहरे, व्यास नारायण साहू, केवल रेला, राकेश यादव, जगन्नाथ खरवार पूर्व सरपंच बासकुडा, केशव चौधरी, लाल सिंह ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

### आर्थिक नाकेबंदी में शामिल हुए विजय



कांग्रेस के प्रदेश व्यापी आव्हान पर आर्थिक नाकेबंदी में पार्षद विजय साव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुशासन के नाम पर लूट का कुशासन चल रहा है। चक्काजाम के दौरान तुमगांव नगर पंचायत के निर्दलीय अध्यक्ष बलरामकांत साहू भी उपस्थित हुए। उन्होंने कांग्रेस का झंडा उठाकर चक्काजाम के लिए रोड में बैठे कांग्रेसियों के बीच बैठकर सरकार के द्वेषपूर्ण राजनीति का विरोध किया। बलरामकांत तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष बनने से पूर्व भाजपा में थे। उन्होंने बीते निकाय चुनाव में तुमगांव नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से टिकट की मांग की थी।

**पूर्व संसदीय सचिव के नेतृत्व में घोड़ारी ओवरब्रिज में चक्काजाम**

## छग वासियों से धोखा कर रही भाजपा सरकार : विनोद

**महासमुंद।** कांग्रेसजनों ने पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में नदी मोड़ घोड़ारी ओवरब्रिज पर नाकेबंदी की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने ईडी व अडाणी के विरोध में जमकर नारेबाजी की तथा भाजपा सरकार के राजनीतिक कार्रवाई की आलोचना की। इस दौरान नेशनल हाईवे 53 के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। 2 घंटे तक पूरी तरह यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त रही।

चक्काजाम के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के तानाशाही व अनैतिक कृत्यों का विरोध कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता डटकर कर रही है। प्रदेश की जनता भाजपा के तानाशाही व द्वेषपूर्ण राजनीति का जवाब आगामी समय में देने को तत्पर है। चक्काजाम के दौरान संजय शर्मा, विवेक पटेल, कुलेश्वर ठाकुर, दिलीप जैन, कपिल साहू, सेवन लाल चंद्राकर, विजय साव, सूरज नायक, विराज चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, महेंद्र साहू, विष्णु साहू, सौरभ चंद्राकर, माणिक साहू, दिलीप चंद्राकर, सोनम बंसोड़, जयश्री सोनकर, भूमिका ध्रुव, सैलेंद्र सेन, अनुराग, आवेज खान, गजेंद्र साहू, राकेश साहू, दिलीप चंद्राकर, कमलेश सोनकर, राजू यादव, नीलू साहू, मोती साहू, सुनील चंद्राकर, युवराज साहू, अरूण चंद्राकर, अरीन चंद्राकर, तामरज निषाद, पोखन साहू, सतीश सोनकर, बबलू हरपाल, दीपक ठाकुर, देवेंद्र चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, निखिल चंद्राकर, देवेश शर्मा, जय पावर, दीपक चंद्राकर, तोषण कन्नौजे, कमल प्रजापति, केके साहू, विजय बंधे, नजरू भाटी, भोले गंधर्व सहित 500 से अधिक कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्र के नागरिक गण उपस्थित थे।



### खबर संक्षेप

#### कांवरियों के लिए सेवा कार्यक्रम कौवाझर में 26 को

**महासमुंद।** पंडित जयलाल प्रसाद शर्मा (वार्ड 22) और बस स्टैंड युवा समिति महासमुंद द्वारा बोलबम कांवरियों के लिए सेवा और भंडारा का आयोजन 26 जुलाई शनिवार को ग्राम कौवाझर में किया गया है। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होकर अगले दिन सुबह 8 बजे तक चलेगा। समिति के सदस्य चंद्रशेखर बेलदार ने बताया कि यह आयोजन काँवरियों की सेवा और धार्मिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## दो सालों से पानी टंकी बना शो पीस ग्रामीणों को हो रही पेयजल की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेयजल संकट से दूर करने के लिए नल जल योजना के तहत चिंगरौद में पानी टंकी का निर्माण किया गया है। टंकी निर्माण में लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी उसे चालू नहीं किया जा सका। इस वजह से दो साल से टंकी बंद पड़ी है। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों के ध्यान नहीं देने से लोगों को टंकी से पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय से लगभग 12 किमी में स्थित ग्राम चिंगरौद के ग्रामीण दो साल पहले बने पानी टंकी से शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे है जिसको लेकर गांव के सरपंच एवं उपसरपंच ने पेयजल की समस्या को दूर करने की मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे। गांव के सरपंच छेरकू जलछत्री एवं उपसरपंच छन्नूलाल सिन्हा ने बताया है कि विगत दो साल पहले नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन का विस्तार किया गया लेकिन उस पानी टंकी से ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा जिस कारण ग्रामीणों के लिए पेयजल की समस्या बनी हुई है एवं अभी एक ही पंप से गांव को जल उपलब्ध हो पा रहा है जो पूरे गांव के लिए पर्याप्त नहीं जिस वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण हम दो साल पहले बने पानी टंकी को शुरू कराने के लिए जनदर्शन चौपाल में अपनी समस्या लेकर पहुंचे है एवं कलेक्टर से इस समस्या का जल्द निराकरण करने की मांग की है।



## सब्जी व्यवसायी से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बिरकोनी में सब्जी व्यवसायी से मारपीट की घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को हेमंत पटेल वार्ड नं. 08 ग्राम बिरकोनी ने बताया कि 20 जुलाई को वह खेमचंद यादव के साथ चाय पीने के लिए देवांगन चाय दुकान के पास गया थे, वहां पर पहले से मौजूद मुकेश निषाद और वेद प्रकाश साहू ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। बीचबचाव करने पर उसके दोस्त खेमचंद यादव केसाथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## डिजिटल अरेस्ट कर महिला से साढ़े पांच लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के जगदीशपुर में रहने वाली एक महिला को डिजिटल अरेस्ट कर साढ़े पांच लाख की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। मामले की रिपोर्ट के बाद बसना पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया जिबिया ई पिता इफरैम (26 साल) 80 एमआई मरूतम न्यू हाउसिंग यूनिट थाना तंजावुर जिला तंजावुर तमिलनाडू हाल निवास सेवा भवन हास्पिटल जगदीशपुर थाना बसना जिला महासमुंद ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसके मोबाइल पर कुछ व्यक्तियों ने खुद को टेलिकाम डिपार्टमेंट मुंबई व मुंबई क्राइम ब्रांच का पुलिस होना बताकर कॉल किया और कहा कि आपके मोबाईल नंबर की गतिविधि संदिग्ध है जिससे आपका मोबाइल नंबर दो घंटे में बंद हो जाएगा।

इसके बाद उसने मुंबई क्राइम ब्रांच से जोड़ना बताकर फोन पर एक आदमी से बात कराया जिसने अपना नाम विजय कुमार और खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर होना बताते हुए कहा कि आपके आधार कार्ड का उपयोग करके मुंबई में एक सिम लिया गया है जिसका उपयोग लोगों को डराने के लिये गलत-गलत मैसेज एवं कॉल करने के लिये किया जा रहा है। फिर उसने कहा कि क्लियरेंस के लिये पुलिस वेरिफिकेशन की आवश्यकता है जिसके लिये आपको मुंबई आना पड़ेगा। तब प्रार्थिया ने कहा कि उसने कभी भी मुंबई से सिम नहीं लिया है वह नंबर मेरा नहीं है। उसके बाद उसने बोला कि पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट की आवश्यकता पड़ेगी व मुंबई आने के लिये बोला। तब प्रार्थिया ने मुंबई जाने में असमर्थता जताई। इस पर उसने बोला कि मैं ऑनलाइन आपको जोड़ रहा हूं जो जो प्रश्न पूछा जाएगा आपको बताना है और उसके कुछ मिनट बाद किसी अन्य व्यक्ति ने बात की, जिसने मुंबई साइबर पुलिस से बात करना बताया।

साथ ही कहा कि पुलिस क्लियरेंस सर्टिफिकेट के लिये वीडियो काल से स्टेटमेंट देना होगा। इसके बाद वाट्सअप में मैसेज आया जिसमें बातचीत हुआ और स्टेटमेंट लिया और कहा कि पुलिस क्लियरेंस सर्टिफिकेट आपको पोस्ट के माध्यम से भेज देंगे कहकर उस व्यक्ति ने पता मांगा। फिर उस व्यक्ति ने बोला कि आपका आधार नंबर केनरा बैंक मुंबई के एक खाता से जुडा हुआ है उक्त खाता मनीलांड्रिंग केस से संबंधित है। जिसकी जांच हो रही है। उसके बाद किसी अन्य व्यक्ति ने अपना नाम निरीक्षक प्रदीप सावंत बताते हुए कहा कि इस केस की जांच मैं कर रहा हूं आपके विरूद्ध 03 प्रमाण है, उसके बाद उसने मेरी मां कविता को भी बुलाने के लिये बोला व हम दोनों से लगातार प्रश्न करता रहा व कहा कि आपके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट निकलेगा। जिससे प्रार्थिया डरकर उसकी बातों में आ गई। इसी दौरान उसने मेरा खाता नंबर व मेरे खाते में कितना पैसा है यह पूछ लिया।

बातचीत करते हुए उसने किसी नरेश गोयल का नाम लिया व बताया कि वह मनीलांड्रिंग केस में आरोपी है जिसके खाता का पैसा आपके खाता में आया । फिर 15 जुलाई 2025 को फिर उनसे बात हुई उस दौरान उसने कहा कि नरेश गोयल का पैसा आपके बैंक अकाउंट में आया है जिसको क्लियर करना है आपको फंड वेरिफकेशन के लिये आपके अकाउंट का पैसा दूसरे खाते में भेजना पडेगा जिसे क्लीयर कर हम लोग 48 घंटे के अंदर आपके बैंक अकाउंट में वापस भेज देंगे, इसके बाद प्रार्थिया ने उनकी बातों में आकर बसना आकर एचडीएफसी बैंक के अपने खाते से आरटीजीएस के माध्यम 3,50,000 रुपए भेजा। फिर 16 जुलाई को 2,00,000 रुपए आरटीजीएस के माध्यम से भेजा। इस पर आरोपी ने कहा कि आपका वेरिफिकेशन हो गया है कल सुबह तब आपको आपका पैसा आपके खाते में वापस कर दिया जाएगा। लेकिन 17 जुलाई को खाते में पैसा वापस नहीं आया, तब शंका हुई कि उसके साथ सायबर फ्रॉड हो गया है। मामले में शिकायत पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।





## खबर संक्षेप



### योगासन स्पर्धा में पति-पत्नी रहे अव्वल

**महासमुंद।** जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 20 जुलाई को स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय में हुआ। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा प्रतिभागियों में आयु वर्ग 45 से 55 वर्ष पुरुष/महिला में पति-पत्नी की जोड़ी संदीप पटले (पुरुष प्रथम) तथा पूनम पटले (महिला प्रथम) स्थान प्राप्त किया। अवगत हो कि पूनम पटले द्वारा 2024-25 में ऑल इंडिया सर्विस योगासन राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया जा चुका है। इस प्रकार से यह दंपति योग में जिले से राज्य के लिए योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभागी बनेंगे। राज्य चयन के लिए जिला खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे, जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन संगठन के अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य हेमंत आचार्य, महिला पतंजलि योग समिति से सुमति साहू, कुमुदिनी साव, तारिणी देवांगन, सीमा सगरवंशी, जया साहू, पुष्पा तारक, गंगोत्री ध्रुव, भारत स्वाभिमान के राज्य कार्यकारिणी तिलक साव ने हर्ष व्यक्त किया है।



### बैगलेस डे में बच्चों ने बनाया कागज का सैंकड़ों ठोंगा

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला में प्रति शनिवार बस्ता विहिन शनिवार के रुप में आयोजित किया जाता है। इस दिन इस विद्यालय के बच्चे बस्ता के बोझ से मुक्त रहते हैं और जीवनोपयोगी सामाग्री का निर्माण करते हैं। शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल ने बताया कि हमारे विद्यालय द्वारा वार्षिक कार्य योजना बनाई गई है, जिससे प्रत्येक शनिवार में होने वाली गतिविधियां पूर्व निर्धारित होता है, जिससे कार्यक्रम संचालन में सुविधा होती है। तथा बच्चे भी मानसिक रूप से तैयार रहते हैं। इस बार पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान रखते हुए बच्चों को कागज का ठोंगा बनाना सीखाया गया। कार्यक्रम में अभिषेक सालोमन, भूपेंद्र चंद्राकर, त्रिवेणी चंद्राकर, उमाशंकर चंद्राकर, लीना पांडेय, अंजुम शेख़, संगीता परगनिया, सिराज बक्स, सुनीता ध्रुव, देवकुमारी ध्रुव, सुचिता लकरा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैगलेस डे के मुख्य प्रशिक्षक संस्था के प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल थे। उपरोक्त जानकारी संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अभिषेक सालोमन ने दी है।

### रजिस्ट्री दफ्तरों में सर्वर डाउन की समस्या

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस के



संयुक्त महामंत्री एवं विजय साव ने महासमुंद पंजीयन कार्यालय समेत प्रदेश के कई जिलों के रजिस्ट्री दफ्तरों में सर्वर डाउन की समस्या है। जिस कारण पिछले कई दिनों से आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग सुबह से ही रजिस्ट्री दफ्तर पहुंच रहे हैं, लेकिन घंटों बीत जाने के बावजूद उनकी रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा के सरकार आई है तब से पूरे छत्तीसगढ़ में अपने हक के लिए केवल लाइन में खड़े रहने का कार्य हो रहा है। रजिस्ट्री से लेकर राशन वितरण में जो नए सॉफ्टवेयर के प्रयोग किया जा रहा है उसमें केवल यही बात देखने को मिल रहा हैं कि सर्वर डाउन है, लेकिन यह नहीं बताया जा रहा कि असल समस्या क्या है और कब ठीक होगी।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम अंसुला से सरायपाली पुलिस ने महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने ग्राम अंसुला पहुंचकर आरपी कुंती निषाद के कब्जे से 2 लीटर महुआ शराब जब्त किया है।

## आंदोलन : घंटेश्वरी मंदिर के समीप दोपहर 12 से 2 बजे तक किया चक्काजाम

# सरायपाली में विधानसभा स्तरीय आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्काजाम, नारेबाजी भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सरायपाली में विधानसभा स्तरीय प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्काजाम क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में सफलतापूर्वक हुआ। घंटेश्वरी मंदिर के समीप कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोपहर 12 बजे से 2 बजे आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्काजाम किया जिससे घंटों यातायात बाधित रही।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी, अडानी समूह द्वारा अवैध पेड़ कटाई एवं विपक्षी नेताओं को जेल भेजने की साजिश के विरोध में सरायपाली के घंटेश्वरी मंदिर के समीप आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्काजाम आंदोलन का आयोजन किया गया, जो शांतिपूर्ण एवं सफल रहा। इस जन आंदोलन में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद की। विधायक चातुरी नंद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देशभर में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई की जा रही हैं। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की भाजपा सरकार के इशारों पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी इनके साजिशों से डरने वाली नहीं है और खुलकर इसका विरोध करेंगे। विधायक चातुरी नंद ने इसे केंद्र सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई करार देते हुए कहा कि यह विपक्ष के मजबूत नेताओं को झूठे मामलों में फंसाकर दबाने की साजिश है। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से हो रही वृक्षों की कटाई और अडानी समूह को राज्य में बेजा संरक्षण दिया जा रहा हैं। छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन और खनिज संसाधनों को अडानी समूह को लूटने की खुली छूट राज्य के साय सरकार



ने दी जिसके कारण पहले हसदेव अरण्य के जंगल को उजाड़ा गया और अब तमनार के जंगलों को उजाड़ने की साजिश केंद्र और राज्य सरकार ने की है। भाजपा सरकार के इशारों पर आदिवासियों को बेघर और उनके अधिकारों पर डाका डाला जा रहा है। जिन क्षेत्रों में पेसा कानून लागू है, वहां के जमीनों को फर्जी पंचायत प्रस्तावों के जरिए अडानी समूह को दिया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ऐसी नीतियों का खुला विरोध करती है और छत्तीसगढ़ के जल, जंगल और जमीन को बचाने सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कॉर्पोरेट समूहों के हित में काम कर रही है और जनसरोकारों की पूरी तरह अनदेखी कर रही है।

विधायक चातुरी नंद ने आंदोलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह लड़ाई सिर्फ कांग्रेस की नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता, पर्यावरण की रक्षा और लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने की है। हम चुप नहीं बैठेंगे, जनता के हक और न्याय के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करते रहेंगे।₹ कार्यक्रम को पूर्व नपा अध्यक्ष अमृत पटेल, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर एन आदित्य, ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, रामदयाल पटेल, जनपद सदस्य कुमोदनी भोई, पूजा तिवारी, वरिष्ठ नेता तेजराम पटेल, विधायक प्रतिनिधिगण घसिया सिदार, रमेश पटेल, बिरांची बेताल, भरत मेश्राम युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पंकज बीसी, कमल अग्रवाल, परमानंद नायक, सुरेश पटेल, गोपाल अग्रवाल, श्रवण पटेल, लीलाकांत पटेल, विजय यादव, विजय नायक, कमल पटेल, दीपक साहू, पूर्व पार्षद सुरेश भोई, अरमान हुसैन, पार्षद रमीज रजा, अनस खान, केशव अग्रवाल सहित वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# मोदी की गारंटी को लेकर राजधानी में हुई दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की बैठक

**अरंड (पिथौरा)।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ का प्रदेश स्तरीय बैठक पंडरी रायपुर में हुई। भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता में आने के पूर्व मोदी की गारंटी में 100 दिन के भीतर में समिति बनाकर नियमितीकरण करने का वादा किया हुआ है। सत्तासिन सरकार खुर्सी में बैठते ही दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं स्थायीकरण के वादा भूला दिया गया। जिसके कारण अनियमित, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों में रोष व्याप्त होते जा रहा हैं। वर्तमान के वित्त मंत्री व सांसद विजय बघेल ने वीडियो जारी कर दैनिक वेतनभोगियों का नियमितीकरण, स्थायीकरण की बात कहीं थी। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ ने 11.08.2024 से 27.09.2024 तक 48 दिनों तक अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहे। वन मंत्री द्वारा आकस्मिता कार्यभारित सेवा नियम लागू तथा स्थायीकरण किये जाने का आश्वासन दिया था। किंतु, आज दिवस तक पूरा नहीं हो पाया है। जिसके कारण दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों पुनः हड़ताल में जाने की रूपरेखा बनाई। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के रायपुर जिलाध्यक्ष अरविंद वर्मा को संघ के प्राथमिक सदस्यता से पृथक कर दिया गया है, उसके स्थान अजय गुप्ता को रायपुर जिला का जिलाध्यक्ष, अशोक विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष, सनत भतपहरी जिला उपाध्यक्ष, कोमल साहू जिला



सचिव, खगेश साहू जिला संगठन मंत्री, नरोत्तम सिन्हा जिला संगठन मंत्री, खूबीलाल वर्मा अध्यक्ष राजीव स्मृतिवन, आजूराम पटेल अध्यक्ष माना नर्सरी, राधेश्याम वर्मा अध्यक्ष तिल्दा नेवरा एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य मनहरण साहू, सूर्य प्रकाश, केसर बंजारे, छबिराम, जितेंद्र साहू, घनश्याम जांगड़े, रायपुर जिला पदाधिकारियों को सर्वससम्मति से बनाया गया।

# बिजली दरों में वृद्धिः विरोध में युवा कांग्रेसियों ने निकाली शव यात्रा

## नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू हुए शामिल, कहाः सरप्लस बिजली का वादा कर 10–10 घंटे की कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

बिजली दर में बढ़ोत्तरी के विरोध में आज युवा कांग्रेस व ग्रामीणों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की मौजूदगी तथा युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ लोधी के नेतृत्व में ग्राम पटेवा में शव यात्रा निकालकर बिजली दफ्तर के समक्ष बिजली बिलों का शव जलाया तथा दफ्तर का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस ने शव यात्रा में बिजली बिल की बढ़ोतरी को लेकर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि आम जनता बिजली बिल में बढ़ोतरी को लेकर परेशान है। लगातार बिजली



दर में वृद्धि से जनता पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। सरप्लस बिजली देने का वादा था, लेकिन आए दिन ग्रामीण क्षेत्रों में 10–10 घंटे बिजली बंद किया जा रहा। ऊपर से बिजली महंगी कर दी गई। कृषि पंपों में सर्वाधिक बढ़ोत्तरी की गई है, जिससे किसान, आम आदमी सहित हर वर्ग आज सरकार को कोष रही है। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी बिजली बिल हाफ करके सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने का काम किया गया था। युका विधान सभा अध्यक्ष सौरभ लोधी ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार आई है, तब से आम जनता को लूटने का काम किया जा रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। बिजली बिलों में बेहिसाब बढ़ोतरी कर जनता के घरों में आर्थिक संकट खड़ा कर दिया गया है। हज़ारों-लाखों रुपए तक के बिल भेजकर जनता के पेट पर लात मारा जा रहा है। युवा कांग्रेस पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन के बाद नपाध्यक्ष के साथ बिजली दफ्तर में एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान मोहम्मद अज़हर, मोहम्मद अरसद, द्वारिका कुर्रे, पुनेंद्र ध्रुव, मनोज भाई, विकास साहू, अनुराग यादव, देव साहू, हेमंत यादव, रोमन कोशले, हंसराज जांगड़े, कुलदीप रौतिया, रोशन साहू, झनक पटेल, ओकार साहू व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपास्थित थे।

# नेशनल हाइवे में जगह-जगह गड्ढे राहगीरों के लिए बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खल्लारी

राष्ट्रीय राजमार्ग 353 स्थित खल्लारी के सड़क मुख्य में जगह-जगह गड्ढों से दुपहिया व चार पहिया वाहन चालकों सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पढ़ता है। जहां अनेक गड्ढे बन गये हैं तो वहीं कई स्थानों पर सड़क मार्ग जगह-जगह जर्जर भी हो गया है। इन गड्ढों में तेज रफ्तार बाईक सवार लोग गिर कर जख्मी भी हो रहे हैं। वहीं बारिश होने पर सड़क के गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटना का खतरा और ज्यादा बढ़ जा रहा है। गड्ढों व जर्जर स्थिति को सुधरवाने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से खल्लारी उपसरपंच तारेश साहू, वार्ड पंच भुनेश्वर सिन्हा, माखन यादव, हरिचंद्र विश्वकर्मा सहित ग्रामीणजन शीघ्र भेंट मुलाकात कर सड़क के समस्याओं को अवगत कराएंगे।

बता दें कि यहां राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 स्थित खल्लारी सड़क मुख्य मार्ग में स्थित निजी स्कूल से लेकर भीमखोज (नाला) पुल तक उक्त नेशनल हाईवे 353 सड़क में लगभग 9-10 जगहों पर छोटे बड़े गड्ढे है। कुछ वर्षों से सड़क अत्यधिक जर्जर हो चुकी है। यह



समस्या अक्सर बरसात के दिनों में ही होती है। इस सड़क मार्ग पर जगह-जगह बने गड्ढों में पानी भर जाने से कई बार वाहन चालकों को गड्ढों की सहीं स्थित का पता नहीं चल पाता और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। विगत वर्ष एक जगह गड्ढे में बाइक सवार गिर कर जख्मी हो गया था। उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत भी हो गई थी। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से यहां के स्थानीय ग्रामीण व व्यापारियों में आक्रोश देखा जा सकता है। इस मार्ग का यह स्थान, ब्लॉक मुख्यालय बागबाहरा और जिला महासमुंद से सीधा जुड़ा हुआ है।

बाहर से खल्लारी आने वाले प्रत्येक दर्शनार्थी व श्रद्धालुजन भी यहीं बस स्टैंड पर उतरने पश्चात मां खल्लारी दर्शन को जाते हैं। वहीं इसके आलावा खल्लारी मातेश्वरी मंदिर मार्ग भी काफी जर्जर व बदहाल स्थिति में है। नेशनल हाईवे क्रमांक 353 का यह मुख्य मार्ग क्षेत्र का व्यस्ततम मार्गों में से हैं। इस मार्ग से दर्जनों गांवों के लोगों का इस मार्ग पर प्रतिदिन दैनिक कार्यों के लिए आना जाना होता है।

# इंटैक की विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 25 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक के विरासत, शिक्षा और संचार सेवा प्रभाग नई दिल्ली एवं महासमुंद अध्याय द्वारा शालेय छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 25 जुलाई शुक्रवार को प्रातः साढ़े 10 बजे नवकिरण अकादमी के व्याख्यान कक्ष में किया जा रहा है। अध्याय के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर ने बताया कि भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक प्राकृतिक, सांस्कृतिक, जीवित, मूर्त एवं अमूर्त विरासत के प्रति जागरूकता, रखरखाव और उसे सुरक्षित रखने की दिशा में कार्य करती है। यह प्रतियोगिता भारत के इतिहास, विरासत एवं संस्कृति पर आधारित है तथा इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने देश के प्रति जागरुकता लाना है। आज के संदर्भ में अपने देश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। चंद्राकर ने बताया कि नगर स्थित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों को अपने विद्यालय के 10 विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में शामिल कराने की अपील की गई है। प्रतियोगिता के नियम व शर्तों के बारे में सह-संयोजक राजेश्वर खरे ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 7 वीं से लेकर कक्षा दसवीं तक के 10 विद्यार्थी प्रतियोगिता में शामिल हो सकेंगे। यह प्रतियोगिता व्यक्तिगत न होकर टीम आधारित है। प्रत्येक विद्यालय से दो-दो विद्यार्थियों की 5 टीम रहेगी। प्रतियोगिता में भारत देश से संबंधित 20 प्रश्नों के लिखित उत्तर देने होंगे। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के 12, छत्तीसगढ़ राज्य स्तर के 5 एवं इंटैक संबंधित तीन प्रश्न शामिल रहेंगे। लिखित प्रश्नोत्तरी के प्रतिभागियों में से 4 टीम उच्चतम प्राप्तांकों के आधार पर मौखिक प्रश्नोत्तरी के लिए पात्र होंगी। मौखिक प्रश्नोत्तरी में राष्ट्रीय और छत्तीसगढ़ राज्य स्तर के 5 प्रश्न बारी-बारी से पूछे जायेंगे। मौखिक प्रश्नोत्तरी में प्राप्त उच्चतम अंको के आधार पर विजेता टीम घोषित की जायेगी। इस विजेता टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये जायेंगे। प्रतियोगिता का संचालन हमारी टीम के सदस्य करेंगे।

### नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं प्राक्चयन परीक्षा परिणाम घोषित

**महासमुंद।** आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पं. जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित 2021) अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम 22 जुलाई 2025 को घोषित कर दिया गया है। उक्त परिणाम में चयनित एवं अपात्र पाए गए विद्यार्थियों की सूची विभागीय पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। परिणाम प्रकाशन के पश्चात 04 कार्यदिवसों की अवधि में कार्यालयीन समय के भीतर दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत किए जा सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने विद्यार्थियों एवं पालकों से अनुरोध किया है कि समय-सीमा के भीतर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# 15 पत्रकारों को मिला स्व. हेमंत राठौड़ स्मृति सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार स्व. हेमंत राठौड़ की स्मृति में प्रेस क्लब के सदस्य उत्तरा विदानी व प्रज्ञा चौहान के संयोजन में रविवार को पंद्रह पत्रकारों को सम्मानित किया गया। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सतपथी, विजय चौहान, विक्रम साहू, विपिन दुबे, आशुतोष शर्मा, रविंद्र कुमार विदानी, आशीष साहू, अमित हिषीकर, भरत यादव, देवीचंद राठी, दिनेश पाटकर, ललित मानिकपुरी, राकेश झाबक, संजय यादव सहित प्रेस क्लब के अध्यक्ष रत्नेश सोनी को शॉल, श्रीफल व सम्मान पत्र देकर सम्मानित



किया। इस अवसर पर उपस्थित स्व. हेमंत राठौड़ के बड़े भाई अधिवक्ता भूपेंद्र राठौड़ ने बताया कि आज से 70 साल पहले उनके पिता एक पाक्षिक अखबार प्रकाशित करते थे। इस तरह पत्रकारिता स्व. हेमंत के रगों में बसा था। प्रेस क्लब के संरक्षक रामकुमार तिवारी 'सुमन', संजय डफले, बाबूलाल साहू सहित प्रेस क्लब के अध्यक्ष रत्नेश सोनी ने हेमंत राठौर के साथ बीते पलों को याद किया और कहा कि हेमंत ने जिस दौर में पत्रकारिता को निभाया, वह तारीफ के काबिल है। उल्लेखनीय है कि कि स्व. राठौर ने 25 सालों तक अखबारों में काम किया और एक गंभीर बीमारी से जूझते दुनिया को अलविदा कह गए। आयोजन को लेकर उत्तरा विदानी व प्रज्ञा चौहान ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य विचारों का आदान-प्रदान, नई जानकारियों का संकलन और पत्रकारिता के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों पर चर्चा करना भी था। इस अवसर पर केपी साहू, जसवंत पवार, सालिक राम कन्नौजे, प्रभात महंती, संजय महंती, अनिल चौधरी, पोषण कन्नौजे, छबीराम साहू, योगेश लूनिया उपस्थित रहे।

# अब किसानों को बंट रही अमानक खाद : अंकित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि आज आर्थिक नाकेबंदी करने पश्चात लगातार मिल रही शिकायत पर बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम हाथीगढ़ में किसान बिसाहिन बाई और पुत्री दीपिका ब्यौहार के घर पहुंचे। उन्होंने अंकित को बताया कि अपने खेत के लिए सुखरीडबरी समिति से 26 बोरा यूरिया लाया गया, जो पूरा काला पड़ चुका है और एक हो गया है, जो आपस में टकराने के बाद भी नहीं फूट रहा है। किसान रामचरण ने बताया कि इस यूरिया का कोई असर भी खेत में नहीं हो रहा है। अंकित ने आगे बताया कि इसी प्रकार ग्राम जोरातराई रैताल के किसान ने गणपती सुपर के नाम से राखड़ की फोटो भेज फोन पर बताया कि एक बोरी में बहुत ज्यादा बजरी गिट्टी निकली है। अंकित ने कहा कि जैसे भाजपा की सरकार आई है, तब से किसानों को हर स्तर पर परेशान किया जा रहा है और अब यूरिया और राखड़ की कमी के बाद उपलब्ध करवाई जा रही खाद में भी भाई मिलावट आ रही है। अब समझना ये है कि नए बोरे में बदल के पुराना यूरिया डाला गया है कि यूरिया ही नकली है। अंकित ने बताया कि बोरे में पैकिंग तारीख 6/25 दिखा रहा है और मात्र एक माह में किसानों के अनुसार ऐसा काला पन नहीं आना चाहिए ये उस यूरिया के खराब हो जाने की निशानी है। अंकित ने तत्काल शासन से कार्यवाही की मांग की है। इस समय ग्राम के किसान सुनील ब्यौहार, राजू यादव, सेवक राम ध्रुव, बालाराम ध्रुव, प्रसेन जीत, दयानंद ब्यौहार आदि उपस्थित थे।



### राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

**महासमुंद।** मंगलवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। विधि विधान से पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही अतिथियों का स्वागत भी किया गया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता संदीप घोष, गोविंद ठाकुर, पीयूष साहू, शरद राव सहित संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थें। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि धर्म के प्रति समर्पित संगठन धर्म की रक्षा के साथ-साथ अनेक अच्छे कार्य करती है। हमें अपने धर्म के प्रति गर्व होना चाहिए और धर्म की प्रगति के बारे में सोचना चाहिए। अपने धर्म के रीति रिवाज को हमें भूलना नहीं चाहिए। यही तो हमारा मूल है, हम आज जो हैं वो धर्म से ही सीख रहे हैं। शिक्षा, संस्कार भी धर्म से ग्रहण किया जा सकता है। इसके लिए संगठनों का योगदान होता है। इसलिए राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य भी बधाई के पात्र हैं कि वे इस संगठन के माध्यम से धार्मिक कार्यों को बढ़ावा दे रहे हैं। हिंदू धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है जो अनंत काल से चला आ रहा है। धर्म के प्रति समर्पण होकर कार्य करना जरूरी है। आज को हम गर्व से कहते हैं कि हम हिंदू हैं, यह सिर्फ बोलने के लिए नहीं होना चाहिए अपितु इस लायक कार्य भी हमें करने चाहिए।



किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध

- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

# पत्रकारिता जगत में पत्रकार को निडर व निष्पक्ष होना चाहिए : करूणा

## वल्लभाचार्य महाविद्यालय में इंटर्नशिप प्रोग्राम पत्रकारिता में रोजगार की संभावनाओं को लेकर हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शोध केंद्र की अध्यक्ष प्रो. करुणा दुबे प्राचार्य के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष एवं शोध निर्देशिका डॉ दुर्गावती भारतीय के निर्देशन में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एमए हिंदी इंटर्नशिप प्रोग्राम पत्रकारिता में रोजगार की संभावनाएं पर एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों का 01 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025 तक 15 दिवसीय कुल 60 घंटों का प्रशिक्षण वरिष्ठ पत्रकारों के सानिध्य में होने पर छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण सह बहुप्रतीष्ठित वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम की निर्देशिका डॉ दुर्गावती भारती ने कार्यक्रम का स्वागत करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में सैद्धांतिक ज्ञान के स्थान पर प्रायोगिक ज्ञान को स्थान दिया गया है,





जो भविष्य में अवश्य ही छात्रों को उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करेगा। तत्पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ करुणा दुबे ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 में समाचार पत्र समाज को सही मार्गदर्शन देता है। पत्रकारिता जगत में पत्रकार को निडर निष्पक्ष होना चाहिए। सर्वप्रथम वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शर्मा ने पत्रकारों को लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ कहा। इसी कड़ी में वरिष्ठ पत्रकार डॉ नीरज गजेंद्र ने कहा कि पत्रकारिता में डेयर, ड्रेसिंग, विजन एवं स्किल यह चारों बातें अति आवश्यक होती हैं, इन्होंने वास्तविक पत्रकारिता के बारे में कहा कि आज के युग की पत्रकारिता यह है कि आप किसी घटना को देखकर उसका प्रस्तुतिकरण कैसे करते हैं। सीखना किसी उम्र की मोहताज नहीं होती वैसे ही पत्रकारिता भाषा के लिए प्रतिबद्ध नहीं है, वह केवल सही-सही अभिव्यक्ति और प्रस्तुतिकरण चाहती है। टीवी मीडिया, सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया के बारे में बताते हुए मीडिया की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात पत्रकार विपिन दुबे ने कहा कि पत्रकारिता में केवल लड़कों की ही नहीं अभी तो लड़कियों की भूमिका भी आवश्यक है। पत्रकार को सजग होना चाहिए, एमए पाठ्यक्रम में इस प्रोग्राम को लागू किया जाना अवश्य ही लड़कों के साथ लड़कियों को भी भविष्य में पत्रकारिता की ओर अग्रसर करेगा।

इसी कड़ी में महासमुंद प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश सोनी ने पत्रकारिता को बहुत जरूरी बताया। समाज में पिछड़े वर्गों की आवाज को उठाने के लिए, राष्ट्र के विकास के लिए पत्रकारिता को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में कामदेव साहू, दौलत साहू, जितेंद्र सतपथी, सुशील आर्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों सहित हिंदी शोध केंद्र से शोधार्थी भागवत सिन्हा और आशुतोष वर्मा भी उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम की समाप्ति एवं आभार व्यक्त करते हुए हिंदी विभाग के डॉ जीवन चंद्राकर ने कहा कि बचपन की लिखावट ही अखबार से प्रारंभ होती है, जब बच्चे प्रारंभिक शिक्षा लेते हैं उनका लेखन अच्छा नहीं होता तो हम उन्हें अखबार को ही पढ़ने और उसे लिखने की सीख के लिए प्रेरित करते हैं। पत्रकारिता प्रत्येक छोटे से बड़े समस्याओं को उजागर करने का एक सबसे उत्तम माध्यम है, जिससे ही समस्याओं का निदान शीघ्र ही वृहत स्तर पर संभव हो पता है।

## खबर संक्षेप



### बृजराज स्कूल में हेल्थ कैंप का आयोजन

**महासमुंद।** पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में 1 दिवसीय हेल्थ कैम्प का आयोजन जिला अस्पताल डेंटल विभाग प्रमुख डॉ नेहा अग्रवाल के मार्गदर्शन में सीनियर रेसिडेंट डॉ मयंक चंद्राकर, डॉ चंद्रशेखर साहू (डेंटल सर्जन), रानी पटेल (डेंटल असिस्टेंट), शुभम कम्प्यूटर ऑपरेटर के नेतृत्व में हुआ। शिविर में डेंटिस्ट डॉक्टरों द्वारा स्कूल में छात्रों को दांत की साफ सफाई, उनसे होने वाले बीमारियों एवं उनके सुरक्षा के उपाय बताया गया। प्रत्येक छात्रों को बारी-बारी से चेकअप कर उनके दांतों में आ रही समस्याओं का निराकरण किया एवं ज्यादा गंभीर समस्याओं को जिला अस्पताल में आकर इलाज करवाने का सलाह दिया गया। शिविर में 201 छात्रों ने भाग लिया। सभी छात्रों को इस शिविर में सुबह-शाम ब्रश करने एवं खाने के पश्चात अच्छे से कुल्ला करने के लिए माउथ वॉश, ब्रश, पेस्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर, शिक्षक मनीषा साहू, देवेंद्र ठाकुर, बिमलेश्वरी दुबे, स्वाति सिन्हा उपस्थित रहे। प्रधान पाठक गोमती साहू द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### सर्व समाज का चुनाव कर्मा सदन में 26 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ जिला इकाई की कार्यकाल पूर्ण होने पर 26 जुलाई 2025 शनिवार को कर्मा सदन (साहू समाज के सामाजिक भवन) बीटीआई के पास महासमुंद में दोपहर 1 बजे प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु और अन्य प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुनर्गठन समाज प्रमुखों की सहमति से पदाधिकारियों का मनोनयन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष पवन पटेल, महामंत्री रेखराज बघेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के एससी-एसटी ओबीसी वर्ग के संवैधानिक व सामाजिक हितों के लिए यह संगठन 2018 में सभी समाज के प्रदेश अध्यक्षों ने मिलकर इस संगठन का गठन किया गया है। महासमुंद जिला कार्यकारिणी की कार्यकाल पूर्ण हो चुकी है, इसलिए पुनर्गठन द्वारा मुख्य कार्यकारिणी, युवा प्रभाग व महिला प्रकोष्ठ तीनों पदाधिकारियों मनोनयन किया जाएगा। समाज के जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ ही संबंधित वर्ग के लोगों की उपस्थिति की अपील की है।

## बैठक : समय-सीमा बैठक में कलेक्टर विनय कुमार ने दिए निर्देश

# सोसाइटी में खाद भंडारण के पश्चात किसानों को वितरण सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय लंगेह की अध्यक्षता में

- छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती अवसर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने के निर्देश
- कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने किसान पंजीयन अनिवार्य

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय, अपर कलेक्टर रवि साहू, जिला पंचायत सीईओ रविराज ठाकुर, सभी विभाग के जिला अधिकारी सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, सीएमओ सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती समारोह की तैयारी को लेकर निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी विभाग निर्देशानुसार विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें और शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि 16 अगस्त से 31 मार्च तक रजत जयंती समारोह के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें राज्य स्थापना के पश्चात विकास और उपलब्धियों की सफर को रेखांकित जाएगा। उन्होंने सभी विभागों




### योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीयन जरूरी

कलेक्टर ने युक्तियुक्तकरण के तहत कार्यभार ग्रहण न करने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शिक्षा विभाग को लंबित मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों का पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं का लाभ तभी संभव है जब सभी पात्र किसान समय पर पंजीकृत हों। उन्होंने कृषि विभाग को पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सहकारी समितियों में भंडारित खाद के त्वरित वितरण के निर्देश देते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी समिति भंडारित खाद रोक कर न रखें, यह किसानों की प्राथमिक आवश्यकता है। इसे तत्काल वितरित करें। सड़कों पर आवारा मवेशियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने नगरीय निकाय और जनपद सीईओ की नामजद ड्यूटी लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि निरंतर अभियान चलाकर इस पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए।

को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बहुद्देशीय केंद्र, आयुष्मान कार्ड वितरण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से तालमेल के साथ कार्य करने कहा। प्रधानमंत्री आवासों की समीक्षा की और निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य बाधित न हो, हर हितग्राही को समय पर लाभ मिले। कलेक्टर ने सभी कार्यालयों को समयबद्ध और पारदर्शी कार्य प्रणाली अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी समय पर कार्यालय पहुंचे। साथ ही अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य करने निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालय में किसी भी प्रकार की अनुचित लेन-देन की शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में आगामी माह प्रस्तावित रोजगार मेले की तैयारी को लेकर भी समुचित तैयारी करने के निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करने को कहा। वहीं मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत गांवों में पेयजल स्त्रोतों की सफाई, खुले में गंदगी की रोकथाम और स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बड़े तालाबों के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। साथ ही बच्चों को खतरनाक जलस्त्रोतों से दूर रखने हेतु पालक-शिक्षक बैठकों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाएं। खनन स्थलों पर सुरक्षा उपायों की समीक्षा करते हुए गड्ढों की चिन्हांकन और सतर्कता के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में राजस्व प्रकरणों और समय-सीमा पत्रकों की भी गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनता से जुड़े प्रकरणों को समय पर और प्राथमिकता से हल किया जाए। साथ ही सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत फाइल मूव करने और प्रशासनिक प्रक्रिया को डिजिटल रूप से मजबूत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे उनके कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। अतः पूरी ईमानदारी के साथ विकास योजनाओं को गति और पारदर्शिता के साथ जमीनी स्तर तक पहुंचाएं।

# डिंपल ने जनजातीय व वनांचल क्षेत्रों का दौरा कर जाना हालचाल

## लोगों को योजनाओं का लाभ लेने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जनजातीय समुदाय भारत का 'आदि समुदाय' है, जो भारत की परंपरा में रचा-बसा हुआ है और पुरातन परंपरा को मजबूती प्रदान करता है। भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार अनुसूचित जनजातियों के विकास और कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव ने जनजातीय और वनांचल क्षेत्रों में लगातार दौरा कर हालचाल जान रही हैं और पाया कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का लाभ उठाकर अनुसूचित जनजाति के लोग अपने जीवन में सुधार ला रहे हैं। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत पक्का मकान, प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत पक्का मकान, धरती आबा कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं की जानकारी और सीधे लाभ, और मातृ शक्ति को संबल प्रदान करने वाली महतारी वंदन योजना जैसे और अनेक योजनाएं शामिल है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से जनजातीय समुदाय के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है।




सरकार की इन योजनाओं से जनजातीय समुदाय के विकास और कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है। डिंपल ध्रुव ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रम और योजनाएं जमीनी स्तर पर सीधा लाभ पहुंचा रही हैं। वनांचल क्षेत्र के लोगों को सरकार के योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## खट्टी शाला के मर्जीकरण की कार्रवाई को निरस्त करने का प्रस्ताव, दंडवत आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खट्टी के ऐतिहासिक प्राथमिक शाला के मर्जीकरण की कार्यवाही को निरस्त करने संबंधी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने प्रस्ताव बनाकर जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया है। इसके बाद शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू द्वारा घोषित दंडवत आंदोलन स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा कि शाला का मर्जीकरण निरस्त होने के पश्चात इस विद्यालय के नामकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू के साथ समिति के सदस्य संजय सेन सूर्यमणि साहू, सुभाष शर्मा, मनहरण निषाद, शेरसिंग निषाद, घसिया निषाद आदि मौजूद रहे।

# हाईस्कूल रोहिना में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत विविध प्रतियोगिता




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

शासकीय हाई स्कूल रोहिना में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत विविध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन रखा गया। 12 जुलाई को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू यादव, द्वितीय दिव्या राणा, तृतीय अजय राणा, मिडिल विभाग में प्रथम नीलम, द्वितीय नम्रता एवं नेहारिका, तृतीय नीलेश 14 जुलाई को आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू , द्वितीय संदीप, मिडिल विभाग में प्रथम शिवा यादव, द्वितीय चंदन यादव 15 जुलाई को आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू, द्वितीय दिव्या, मिडिल विभाग में प्रथम कृतिका, द्वितीय ज्योति 16 तारीख को आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू, द्वितीय अनिल ओगरे, 17 तारीख को आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू, द्वितीय दिव्या 18 तारीख को रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या द्वितीय कामना, मिडिल विभाग में प्रथम गीता, रोशनी द्वितीय प्रीति,ज्योति तृतीय पायल, नेहारिका चित्रकला में प्रथम सुमित द्वितीय अजय राणा मिडिल में प्रथम धनेश रहा। रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में ढुटीकोना प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार भोई एवं व्याख्याता शिवचरण पटेल उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल, व्याख्याता केके साहू, शिक्षक लक्ष्मण पटेल, एके पटेल, एस के पटेल, कैलाश कमार, लीला पटेल आदि का विशेष योगदान रहा।

# सावित्रीपुर विद्यालय में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के छह वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में वर्ष 2019 में 22 जुलाई को संस्था के प्राचार्य पी सिदार के निर्देशन एवं वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल साहू, बीडी साहू एवं सुभाष सिंह के मार्गदर्शन में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया था। जिसके अंतर्गत विद्यालय को हरियाली से परिपूर्ण बनाने के लिए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए थे। 6 वर्ष पश्चात इन वृक्षों की ऊंचाई एवं सुंदरता में वृद्धि हुई। विद्यालय परिसर में वृक्षों की छाया, सुंदर फूलों, हरियाली का आकर्षक स्वरूप मन को मोहित कर रहा है। 22 जुलाई की तिथि



को अविस्मरणीय बनाने के लिए 6 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय में हरित विद्यालय स्वस्थ विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ जीवन दायिनी प्रकृति को संजोने का संदेश देना है। बीडी साहू ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। विद्यालय में पर्यावरण को दैनिक जीवन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, उन्होंने बच्चों को बताया कि पौधे हमें स्वच्छ वायु, छाया, फल और जीवन देते हैं, इसलिए हमें वृक्षों की रक्षा करनी चाहिए। वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल साहू ने कहा कि आज के समय में पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा देने का सबसे अच्छा तरीका है कि हम उन्हें प्रकृति के साथ जोड़ें और पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी दें। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम 10 पौधें लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक एसएल पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को प्रेरित किया कि वह अपने घर और मोहल्ले में भी पौधे लगाए और उनका संरक्षण करें।

## रक्षाबंधन पर्व को लेकर जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए खाद्य सुरक्षा अभियान

**महासमुंद।** राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार आगामी पर्व रक्षाबंधन को दृष्टिगत रखते हुए 21 जुलाई को पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में पनीर एवं खोवा की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान संचालित किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला अभिहीत अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद हरिशंकर पैकरा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई द्वारा जिले के बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने संकलित किए गए। जांच के तहत प्रतिष्ठानों से विधिक खाद्य नमूने लिए गए। जिसमें मेसर्स विश्वा फैमिली रेस्टोरेंट एंड ढाबा बागबाहरा से पनीर एवं पका चावल, मेसर्स छत्तीसगढ़ फैमिली ढाबा एंड रेस्टोरेंट बागबाहरा से पनीर, मेसर्स हर्षद मिष्ठान भंडार, बागबाहरा से खोवा संकलित किया गया। ये सभी खाद्य नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर को परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत माह में भी कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अभियान चलाकर 05 पनीर के खाद्य नमूने संकलित कर राज्य प्रयोगशाला को भेजे गए थे।

## खबर संक्षेप



### तामेश्वर महादेव मंदिर में हुआ प्राण-प्रतिष्ठा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के तामेश्वर महादेव मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा का अनुष्ठान हुआ। मंगलवार को धीवर समाज द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ पधारे महाराज पंकज तिवारी द्वारा कराया गया। इस दौरान तामेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक एवं दिव्य श्रृंगार के साथ पूर्णाहुति, हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जहां प्रसाद लेने श्रद्धालु उमड़े। धीवर समाज और कुछ लोगों के सहयोग से तामेश्वर महादेव मंदिर को बनाया गया है। इसमें सुखनंदन, भीखम, लक्ष्मीचंद, तेजू, रामचंद्र, पोखना, रामानंद, हीरालाल,लीनू, ओमकार, राजेंद्र, भूषण अश्वनी, रामा, कृष्ण, राजू, रमेश, सुरेश, नारद, मोहन, भागवत, उमेश, महेश आदि शामिल है।

### छत्तीसगढ़ की सड़कें खराब, कमीशनखोरी मुख्य वजह : राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने छत्तीसगढ़ की सड़कों के जर्जर स्थिति पर कहा कि छत्तीसगढ़ में हाईवे सहित



सभी मुख्य सड़कों की जर्जर हालत गंभीर समस्या बन चुकी है। कई राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी सतह और उचित मरम्मत की कमी से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाले हाईवे भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।



### विद्यालय में 25 फलदार पौधों का किया रोपण

**महासमुंद।** सिरपुर नगर में स्थित गायत्री चेतना केंद्र में विशेष साधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महासमुंद गायत्री शक्तिपीठ से महिला मंडल की टीम तथा समस्त सरेकेल क्षेत्र के श्रद्धालु परिजनों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर साधना पक्ष के अंतर्गत पर्यावरण संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिरपुर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य उमा ठाकुर, समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, महिला मंडल (गायत्री शक्तिपीठ, महासमुंद) सिरपुर में अनुष्ठानरत वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा सरेकेल इकाई के समर्पित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। सभी के सामूहिक सहयोग से विद्यालय परिसर में 25 फलदार पौधों का रोपण किया गया।

## प्रदर्शन : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# ईडी की कार्रवाई के विरोध में आर्थिक नाकेबंदी बागबाहरा टेमरी चौक में कांग्रेस का चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई कथित अनुचित गिरफ्तारी के विरोध में आज प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी की गई। इसी क्रम में बागबाहरा के टेमरी चौक में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक शांतिपूर्ण चक्काजाम आंदोलन आयोजित किया गया। इस आंदोलन का नेतृत्व छत्तीसगढ़ शासन के खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा नागरिकगण इस आंदोलन में शामिल हुए। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया गया कि केंद्र सरकार अडानी समूह को बचाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेसजनों ने इस कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध और लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया।

टेमरी चौक पर हुए इस विरोध प्रदर्शन को विधायक द्वारकाधीश यादव सहित ओबीसी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव चंद्राकर, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, बागबाहरा ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष रवि निषाद, कोमाखान कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल, पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुर्गा सागर, गणेश शर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष तेजन चंद्राकर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल, आदिवासी नेता मनोहर ठाकुर इत्यादि ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, राजेश सोनी, हेमसिंह नायक, पारस सोनवानी दानेश्वर विश्वकर्मा, सेवाराम साहू, नंदकुमार निषाद, धनराज चंद्राकर, राजेश त्रिपाठी, हेमलाल साहू, रमेश ठाकुर, अंजोर ठाकुर, विष्णु महानंद, सेतराम बघेल, डुमन लाल यादव, शहजान पाशा, शिव उपाध्याय, दयाराम पारकर, लोकेश दीवान, शिवा जगत, लोकेश उईके, हबीब खान, तूफान दीवान, नवनीत सलूजा, लखबीर छाबड़ा बसंता ठाकुर, पंकज हरपाल, डुमरौतिन ठाकुर, रीना यादव, सविता ठाकुर, चंदूलाल साहू, शांत साहू, हीरालाल धीवर, सफी मोहम्मद कमल साहू, अंजोर ठाकुर, प्रदीप यादव, राजू जैन, शिवचरण कुर्रे, समीम खान, बड़ा खान, अभिषेक यादव, कृष्णा हरपाल, राजू यादव, राहुल यादव, वाजिद खान, प्रीतम साहू, दिनेश मोगरे, भुवन साहू, हरिशंकर यादव, मंता यादव, ओंकार ठाकुर, विकास चंद्राकर, तुलाराम ठाकुर, डिगेश्वर देवांगन, धनेश्वरी ठाकुर, उपेंद्र दीवान, मानसिंह ठाकुर, प्रभु यादव, चैतराम ठाकुर, देवनारायण ठाकुर, संतोष सहित कांग्रेस के विभिन्नप्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्य गणतथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।



### विधायक का तीखा प्रहार: खनिज और जंगल की लूट पर अब चुप नहीं बैठेंगे

अपने उद्बोधन में विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि अडानी समूह छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक संपदा जंगल, खनिज, जल और जमीन को लूट रहा है। यह लूट भाजपा सरकार के संरक्षण में हो रही है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई कर आदिवासियों को उजाड़ा जा रहा है, खनिज संपदा को ट्रकों में भरकर राज्य से बाहर भेजा जा रहा है, जिससे न केवल छत्तीसगढ़ की आर्थिक रीढ़ तोड़ी जा रही है बल्कि यहां के पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंचाई जा रही है। विधायक यादव ने चेतावनी दी कि जो भी इस लूट का विरोध करता है, उसके खिलाफ ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग, एसीबी, ईओडब्ल्यू और पुलिस जैसी संस्थाओं का दमनात्मक उपयोग किया जा रहा है। सरकार लोकतंत्र में मिले आंदोलन के अधिकार को कुचलने पर तुली है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हसदेव अरण्य और तमनार जैसे क्षेत्रों में आदिवासी वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं ताकि उनके जंगल, जमीन और जीवन बचे रह सकें। लेकिन भाजपा सरकार ने अडानी को खुली छूट दे रखी है। विरोध करने वालों को फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है, उन पर लाठियां बरसाई जा रही हैं, उनका खून बहाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि यह लड़ाई अब केवल कांग्रेस की नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की अस्मिता, पर्यावरण और संसाधनों को बचाने की लड़ाई है। भाजपा सरकार अडानी की गोद में बैठकर आम जनता की पीठ पर छुरा घोंप रही है। लेकिन कांग्रेसजन अब चुप नहीं बैठेंगे। जनता को संगठित कर इस तानाशाही और पूंजीवादी लूट का डटकर मुकाबला किया जाएगा। आर्थिक नाकेबंदी का यह आंदोलन छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधियों, किसानों, युवाओं, आदिवासियों और पर्यावरण प्रेमियों की एकजुट आवाज़ है। यह आंदोलन आज एक संदेश दे गया, छत्तीसगढ़ बिकाऊ नहीं है, लड़ेगा और अपने जंगल-जमीन-जन को बचाएगा। विधायक यादव ने अंत में कहा कि कांग्रेस का संघर्ष केवल सत्ता के खिलाफ नहीं, बल्कि संसाधनों की रक्षा, जनहित, और लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए है। यह आंदोलन आगे भी चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा।

## कलेक्टर जनदर्शन पहुंचा हॉस्टल का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत

- कलेक्टर को जनप्रतिनिधियों ने सौंपा मांग ज्ञापन

वार्षिक योजना 2024-25 के तहत भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता मिशन द्वारा महासमुंद जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम मुड़पार में 100 सीटर छात्रावास भवन के निर्माण के लिए कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा द्वारा 271 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जो कि ग्राम नर्रा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला से संबद्ध रहेगा। गौरतलब है कि यह पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा के लिए बनने वाला यह हॉस्टल विद्यालय से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित झिटकी पंचायत के आश्रित ग्राम मुड़पार में बनाया जाना प्रस्तावित हुआ है।



नर्रा क्षेत्र के भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच लुभेश्वर पांड़े के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता सहित नर्रा क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौंपकर नर्रा में हॉस्टल को बनाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जनदर्शन में कलेक्टर ने हॉस्टल निर्माण संबंधी सभी पहलुओं को ध्यान से सुना तथा परीक्षण कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार हॉस्टल नर्रा में बनेगा, तभी इसका वास्तविक लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हो पाएगा।

## कलार महासभा परिक्षेत्र की क्षेत्रीय सभा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

कलार महासभा परिक्षेत्र की क्षेत्रीय सभा का आयोजन आशीर्वाद विद्या मंदिर में हुआ। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राधेश्याम डडसेना को सभापति नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलार समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष सीता टंकेश्वर जायसवाल ने किया।

सर्वप्रथम समाज के आराध्यदेव भगवान सहस्त्रबाहु और माता बहादुर कलारिन के छायाचित्र पर पूजा अर्चना से शुरू हुई। समाज को आगे बढ़ाने और सामाजिक गतिविधियों और क्रियाकलापों में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी के लिए विभिन्न नियम बनाए गए और उन नियमों में युवाओं को चलने की सुझाव दी गई। पूर्व अध्यक्ष चक्रधर डडसेना ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज समाज में युवाओं की भागीदारी से समाज का उत्थान होता है, समाज में पुत्र पुत्री का सामाजिक बंधु से विवाह हो, इसके लिए माता-पिता को मार्गदर्शन देना चाहिए। भरत डडसेना ने उद्बोधन में समाजिक एकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रसिक जायसवाल को सरायपाली शहर का अध्यक्ष चुना गया। मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण (शिक्षादूत) 2024-25 प्राप्त करने पर शिक्षक सुंदर लाल डडसेना को समाज की ओर से पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम में संरक्षक राधेश्याम डडसेना, सीता टंकेश्वर जायसवाल परिक्षेत्र अध्यक्ष, चक्रधर डडसेना भूतपूर्व अध्यक्ष, डॉ अंगद डडसेना सचिव, अरुण जायसवाल उपाध्यक्ष, सुन्दर लाल डडसेना बाराडोली, मोंगरा डडसेना, संजय डडसेना, राजेंद्र जायसवाल, भरत लाल डडसेना, विजय जायसवाल, रसिक जायसवाल संजयनगर, शिवा जायसवाल पतेरापली, टंकेश्वर जायसवाल, हरदयाल डडसेना झिलमिला, चंद्रहास जायसवाल घेंसपाली, नोहर लाल डडसेना परसकोल विष्णुराम जायसवाल परसकोल, गजबंधु जायसवाल, पवन डडसेना पतेरापाली, विमल जायसवाल, राजेश कुमार डडसेना तिहारीपाली, रामकुमार डडसेना, शंकर लाल जायसवाल, देवनारायण जायसवाल, हेतराम जायसवाल, प्रेमलाल जायसवाल पैकिन, बोधराम डडसेना तिहारीपाली, ईश्वर प्रसाद जायसवाल साथ महिला कार्यकारिणी और युवा कार्यकारिणी के सदस्य और स्वजाति बंधु उपस्थित थे। संचालन टंकेश्वर जायसवाल ने किया।

## कस्तूरबा विद्यालय व कन्या छात्रावास की बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं करियर मार्गदर्शन का मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गत दिनों कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तथा प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण और करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण महासमुंद से पधारे अनुभवी प्रशिक्षकों कुलेश्वर राम ध्रुव वित्तीय साक्षरता समन्वयक विशेषज्ञ व ललित कुमार कराटे प्रशिक्षक द्वारा प्रदान किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना, विषम परिस्थितियों में अपने बचाव के लिए सक्षम करना तथा भविष्य की शिक्षा व करियर को लेकर उचित दिशा प्रदान करना रहा। प्रशिक्षकों ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए और 10वीं व 12वीं के बाद उपलब्ध करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य के सपनों और लक्ष्य साझा किए। साथ ही प्रशिक्षकों ने मासिक धर्म स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी दी, जिससे बालिकाओं में जागरुकता बढ़ी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ रतन तंवर, पर्यवेक्षक मीना लाल, संगीता साहू तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय की प्राचार्य लुनेश्वरी बिसेन, विशेष रूप से उपस्थित रहीं। रतन तंवर ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अतः उन्हें अपने भीतर आत्मविश्वास, आत्मरक्षा और स्वच्छता के संस्कार को सशक्त बनाना चाहिए।

### पूनम बने अभा कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**महासमुंद।** अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर की नियुक्ति की



गई है। पूनम चंद्राकर की नियुक्ति अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार की सहमति से की गई है। पूनम चंद्राकर की नियुक्ति करते हुए महासभा ने यह आशा व्यक्त किया गया है कि आपके मनोनयन से समाज को गति मिलेगी और संगठन मजबूत होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि उनकी नियुक्ति पर समाजजनों में हर्ष व्याप्त है।

### जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता बागबाहरा में 2 अगस्त को

**महासमुंद।** विकासखण्ड स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग में आयोजित किया गया। जिसमें उद्घाटन सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर एलएन दीवान ने अपने उद्बोधन में अनुशासन में रहते हुए खिलाड़ी भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ व्याख्याता जे एल साहू ने बच्चों को शुभाशीष देते हुए खिलाड़ी भावना से खेलने के लिए कहा। वरिष्ठ व्याख्याता यूआर साहू ने व्यायाम एवं खेलकूद से होने वाले शारीरिक फायदे के बारे में बताया। उद्घाटन मैच हायर सेकेंडरी स्कूल बेमचा एवं हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा के मध्य हुआ। उक्त विकासखंड स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी स्कूल भोरिंग के छात्र, हायर सेकेंडरी स्कूल बेमचा के छात्र, हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा की छात्राएं, डीएमएस महासमुंद, पब्लिक स्कूल तुमगांव, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम तुमगांव, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महासमुंद के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। खेल को आगे बढ़ाने में जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा खेल संसाधन उपलब्ध कराया गया है। जिसके माध्यम से खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा हैं तथा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन, प्राचार्य बेमचा एसआर पाटकर ने हर्ष जताया। विकासखंड स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के सफल संचालन एवं आयोजन के संपादन में व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई, डॉ. सेवन मानिकपुरी, इंद्राणी भास्कर, डोलेश होता का विशेष योगदान रहा। चयनित खिलाड़ी 2 अगस्त को बागबाहरा में आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

## सरहद पर डटे वीर जवानों की कलाई न रहे सूनी, इसलिए गांवों की महिलाएं भेज रही रक्षासूत्र

### आंगनबाड़ी व महतारी वंदन के लाभार्थी महिलाओं ने भेजे रक्षासूत्र, पत्र भी लिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रक्षाबंधन पर्व के पहले छत्तीसगढ़ में देशभक्ति और



भाईचारे की अद्भुत मिसाल पेश की गई। सरायपाली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ और महतारी वंदन की हितग्राहियों ने सीमाओं पर तैनात देश के जाबाज सैनिकों के लिए रक्षासूत्र और भावनाओं से भरे पत्र भेजकर यह जताया कि उनका रक्षक सिर्फ उनका भाई ही नहीं, बल्कि सरहद पर डटे वीर जवान भी हैं। यह पहल न केवल रक्षाबंधन को एक नया आयाम देती है, बल्कि देश के प्रति नागरिक जिम्मेदारी और भावनात्मक एकजुटता का भी परिचायक है। छत्तीसगढ़ की धरती से उठी यह आत्मीय भावना एक संदेश है जब तक सैनिक जागते हैं, तब तक देश चैन से सोता है। और उनकी कलाई पर बंधा रक्षासूत्र, पूरे भारत की बहनों की प्रार्थना का प्रतीक है। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं ने स्वयं के हाथ से लिखे गए पत्रों और रक्षासूत्रों को सौंपते हुए आग्रह किया कि ये निश्छल भावनाएं सीमा पर तैनात जवानों तक जरूर पहुंचवाएं। इन रक्षासूत्रों में नारी शक्ति की दुआएं और कृतज्ञता छिपी है, जो हमारे सैनिकों के मनोबल को और ऊंचा करेगी।

### देशभक्ति की प्रेरणा लिए बिरकोनी की महिलाओं ने जवानों के लिए भेजी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

आगामी 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा।



भारतीय सीमाओं पर तैनात भारतीय जवानों के लिए राखियां भेजे जाने की पहल शुरू हो गया है। ग्राम बिरकोनी की महिलाओं ने देश की सीमा पर तैनात जवानों के लिए रक्षासूत्र भेजा है। वंदे मातरम, भारत माता की जयकारों के साथ राखियां एकत्रित कर देश के सैनिकों तक पहुंचाने का लक्ष्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पास जमा कर रहे है। सरपंच चंदन चंद्राकर ने बताया कि रक्षाबंधन एक पवित्र त्यौहार है। ग्राम की बालिकाओं व महिलाओं द्वारा जवानों के लिए राखी भेजना गर्व की बात है।

**देशभक्ति की मिल रही प्रेरणा और संदेश**

प्रज्ञा, रागिनी, रिया, चांदनी, तमन्ना, रुचि, रिद्धि, सिद्धि, त्रेया, संध्या, तुषिता, दामिनी, भूमिका सहित बालिकाओं में उत्साह दिख रहा है। उनका कहना है कि देश की सेवा करने वाले वीर जवानों के लिए राखियों के साथ प्यार भरा संदेश भेज रहे हैं। आज हम सभी इसलिए सुरक्षित हैं, क्योंकि देश पर हमारे वीर सिपाही भाई पहरा दे रहे हैं। उन भाईयों तक हम बहनें राखियों के माध्यम से प्यार, दुलार भेजे है।

